**बिहार सरकार**

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

– : : **अधिसूचना** : : –

मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014 980 पटना, दिनांक– 14.08 / 2025

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना संख्या–790, दिनांक–23.06.2025 के द्वारा बिहार राज्य नागरिक परिषद् के 02 माननीय उपाध्यक्षों, 07 माननीय महासचिवों एवं 21 माननीय सदस्यों को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा मनोनीत किया गया है। सम्यक् आदेशोपरान्त उक्त मनोनीत माननीयों को अगले आदेश तक के लिए निम्नांकित सुविधायें दी जाती हैं :–

1. माननीय उपाध्यक्षों को बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के समरूप वेतन एवं सुविधायें दी जाती है।
2. माननीय महासचिवों को बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्यों के समरूप मानदेय निर्धारित किया जाता है।
3. बिहार राज्य नागरिक परिषद् के माननीय सदस्यों को प्रतिमाह 30,000/–(तीस हजार रूपया) मात्र मानदेय निर्धारित किया जाता है।

यह आदेश प्रभार ग्रहण की तिथि से लागू समझा जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

14/08/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014 980 पटना, दिनांक– 14.08 / 2025

प्रतिलिपिः–राज्यपाल के प्रधान सचिव / सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव / अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव / उप सभापति, बिहार विधान परिषद् के आप्त सचिव / उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा के आप्त सचिव / मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव / मुख्य सचिव के आप्त सचिव / सदस्य सचिव, वि०रा०ना०परि०, पटना / सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष / सभी प्रमंडलीय आयुक्त / सभी जिला पदाधिकारी / निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, बिहार, पटना / सभी माननीय मनोनीत उपाध्यक्षों / महासचिवों एवं सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

14/08/25

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014...980...पटना, दिनांक–...14.08... / 2025

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध है कि बिहार लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को मिलने वाले वेतन एवं सुविधायें तथा सदस्यों को मिलने वाले मानदेय की अद्यत्तन विवरणी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014...980...पटना, दिनांक–...14.08... / 2025

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, वीर चन्द पटेल मार्ग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014...980...पटना, दिनांक–...14.08... / 2025

प्रतिलिपिः–अधीक्षक, बिहार सचिवालय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना–7 / अवर सचिव (ई गजट कोषांग), वित्त विभाग, बिहार, पटना (सॉफ्ट एवं हॉर्ड कॉपी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इस अधिसूचना को बिहार गजट के आगामी अंक में प्रकाशित करने की कृपा की जाये तथा गजट की 100 (एक सौ) प्रतियाँ इस विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव

ज्ञापांक–मं०मं०–04 / बि०रा०ना०प०–07 / 2014...980...पटना, दिनांक–...14.08... / 2025

प्रतिलिपिः–आई०टी० मैनेजर, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

(निशीथ वर्मा)
अपर सचिव